पंजाब केसरी 15/12/2024

वित्तीय साक्षरता और निवेश योजना के महत्व पर दी जानकारी

कार्यक्रम के दौरानछात्रों को वित्तीय साक्षरता और निवेश योजना के महत्व पर जानकारी प्रदान करता वक्ता। (देवदत्त)

अम्बाला, 14 दिसम्बर (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला कैंट के वाणिज्य विभाग द्वारा निवेशक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को निवेश रणनीतियों और वित्तीय योजना की जानकारी देकर उनकी वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना रहा।

सत्र में उपस्थित सभी लोगों को निष्पक्ष और सामान्य जानकारी प्रदान की गई, ताकि उन्हें निवेश के महत्व को समझने में मदद मिल सके। यह कार्यक्रम कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त और संयोजक डा. सुरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक वर्ग के 40 से अधिक सदस्यों ने हिस्सा लिया। सत्र में प्रो. जस्मिता हांडा ने मंच का कुशल संचालन किया तथा तकनीकी पहलुओं को प्रो. रीतिका राय ने पूर्ण दक्षता के साथ संभाला।

मुख्य वक्ता के रूप में सी.एस. हिमांशु शर्मा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने वित्तीय साक्षरता और निवेश योजना के महत्व पर गहन जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को भविष्य की वित्तीय सुरक्षा के लिए योजना बनाने, निवेश और जोखिम प्रबंधन की प्रमुख रणनीतियों की जानकारी दी गई।

साथ ही, एक इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने सवाल पूछे और व्यावहारिक समाधान प्राप्त किए।